SJU Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 23 सितंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 354

## लंपी वायरस से पशुओं को बचाएं, मुफ्त टीका लगवाएं : मुख्यमंत्री शिवराज

**भोपाल (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हमारे सामने पशुधन पर लंपी वायरस बीमारी के रूप में एक बड़ा गंभीर संकट आया है। लंपी वायरस मध्यप्रदेश में भी पैर पसार रहा है। हम अपने पशुओं को, विशेष कर गौ-माता को केवल प्राणी नहीं मानते बल्कि मां मानते है और उनके प्रति श्रद्धा रखते हैं।



आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्री चौहान ने पशुपालक और किसानों को संबोधित संदेश में कहा कि गौ-माता हो, बाकी पशु हों, हमारी अर्थ-व्यवस्था को मजबूत करने का काम करते हैं। आज जब वो संकट में हैं तो हमारा कर्त्तव्य है कि हम इस संकट से उन्हें निकालने के लिए भरपूर प्रयास करें। सरकार पशुओं के कष्ट के समय में साथ है, सरकारी अमला पूरा सहयोग करेगा। इस बीमारी का टीका मुफ्त में दिया जा रहा है, लेकिन सावधानी आपको रखनी पड़ेगी। अगर हमने सावधानी नहीं रखी तो हमारे पशुधन पर गहरा संकट आएगा। हम वैसे भी प्राणियों में वही एक ही चेतना देखते हैं जो मनुष्यों में है। इसलिए प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो की बात करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व के कल्याण में चाहे गौवंशी हो, भैंस वंशी हो, हमारे इन पशुओं का कल्याण भी शामिल है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि हम तत्काल इस रोग के लक्षण को पहचाने। लंपी वायरस से संक्रमित होने वाले पशुओं में कई तरह के बदलाव आते हैं। अगर आपके पशुओं में यह लक्षण दिख रहे हों तो तत्काल उनका इलाज करवायें। संक्रमित होने पर पशुओं को बुखार आने लगता है और सुस्त हो जाते हैं। पैरों में सूजन आ जाती है, आंखों से पानी और मुंह से लगातार लार निकलने लगती है।

चौहान ने कहा कि शरीर में गठान पडऩे लगती है, यह गठान गोल और उभरी हुई होती है। पशुओं का वजन कम होने लगता है और पूरे शरीर पर छोटे-छोटे घाव जैसे उभरे हुए निशान दिखाई देने लगते हैं। दूध देने वाले पशुओं का दूध भी बंद या कम हो जाता है। इसलिए इस रोग से अपने पशुओं को बचाने के लिए तुरंत उपाय करने की आवश्यकता है क्योंकि यह बीमारी पशुओं से पशुओं में फैलती है। यह रोग मच्छर, काटने वाली मक्खी इत्यादि के द्वारा भी एक पशु से दूसरे पशु में फैलता है, लेकिन यह बीमारी पशुओं से मनुष्यों में नहीं फैलती।

चौहान ने कहा कि पशुओं के संक्रमित होने के बाद यह वायरस तेजी से फैलता है। इसलिए बेहतर है कि कुछ सावधानियाँ रख कर पशुओं को संक्रमित होने से बचाया जाए। चौहान ने पशुपालकों को सावधानियों को बरतने का परामर्श देते हुए कहा कि किसी भी एक पशु में लक्षण दिखने पर तुरंत उसे बाकी पशुओं से अलग करने और पशु चिकित्सक से संपर्क करने के अलावा पशुओं को मक्खी, मच्छर, जूं आदि परजीवियों से बचा कर रखने, संक्रमित इलाके में कीटाणुनाशक का छिडक़ाव करने, लंपी वायरस से मृत पशुओं के शव को खुले में न छोड़ कर गहरा गड्ढा कर उसमें दफनायें।

उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से फ्री में टीका लगाया जा रहा है, ज्यादा से ज्यादा टीकाकरण इस रोग की रोकथाम कर सकता है इसलिए टीकाकरण अवश्य कराएँ। हमारे पशु-चिकित्सक और बाकी अमला उपचार और रोग के संबंध में आपको सहयोग करने के लिए और परामर्श देने के लिए उपलब्ध हैं।

## पीएफआई ठिकानों पर एनआईए रेड को लेकर गृह मंत्री अमित शाह ने बुलाई हाई लेवल मीटिंग

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देशभर में टेरर फंडिंग और कैंप चलाने के मामले में पीएफआई यानी पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया गया है। एनआईए और ईडी ने केरल, तमिलनाडु और यूपी समेत देश के 10 राज्यों में एनआईए और ईडी की टीम ने पीएफआई के स्टेट से लेकर जिला स्तर के नेताओं के घरों पर छापेमारी की है और उसके करीब 100 से अधिक कैडर को गिरफ्तार किया है।



इसको लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने आवास पर अहम मीटिंग कर रहे हैं। मीटिंग में एनएसए, एनआईए महानिदेशक, गृह सचिव और अन्य आला अफसर मौजूद हैं।

इस बीच देखा जाए तो एनआईए और ईडी की रडार पर पीएफआई के चेयरमैन ओएमए सलाम भी हैं, जिनके घर पर आधी रात को छापेमारी की गई। केंद्र की बड़ी बैठक अभी चल रही है।

सूत्रों के हवाले से बताया है कि एनआईए और ईडी की टीम ने राज्य पुलिस के साथ मिलकर दस राज्यों में छापेमारी की और इस दौरान पीएफआई के 100 से अधिक कैडर को गिरफ्तार किया गया। एनआईए ने कोयंबटूर, कुड्डालोर, रामनाड, डिंडुगल, थेनी और थेनकासी सहित तमिलनाडु में कई स्थानों पर पीएफआई पदाधिकारियों के घरों की तलाशी ली। पुरसावक्कम में चेन्नई पीएफआई के स्टेट हेड ऑफिस में भी तलाशी ली जा रही है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुठभेड़ में घायल सीआरपीएफ जवान की इलाज के दौरान मौत

**चतरा (आरएनएस)।** झारखंड के चतरा जिले के प्रतापपुर इलाके में चार दिन पूर्व पुलिस और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) 190 बटालियन के घायल जवान चितरंजन कुमार की रांची में इलाज के दौरान मौत हो गयी है। बल के सूत्रों ने गुरूवार को यहां बताया कि नक्सलियों से मुठभेड़ मे जवान को पैर और कमर में गोली लगी थी। घायल जवान को बेहतर उपचार के लिए चतरा से एयर लिफ्ट कर मेडिका अस्पताल, रांची में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान चितरंजन कुमार की मौत हो गयी। इस बीच बताया जा रहा है कि जवान को रांची के सीआरपीएफ 133 बटालियन मुख्यालय में अंतिम सलामी दी जाएगा। चतरा से 190 बटालियन के कमांडेंट मनोज कुमार समेत शीर्ष अधिकारी रांची रवाना हो गए हैं। शहीद जवान चितरंजन बिहार के राजगीर जिले के रहने वाले थे। जवान के शहीद होने की खबर से बटालियन मुख्यालय समेत पुलिस महकमे में शोक की लहर है।

### सड़क हादसे में मोटर ह्वेकल्स इंस्पेक्टर, सिविक वालेंटियर समेत तीन की मौत

**हावड़ा (आरएनएस)।** राज्य भर में सडक़ हादसों का क्रम जारी है। आज हावड़ा में एक सडक़ हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। घटना आज तडक़े दो से ढाई बजे के बीच 16 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर घटी है। हावड़ा में एन. एच. 6 पर एक बेपरवाह ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में मोटर ह्वेकल्स इंस्पेक्टर, सिविक वालेंटियर समेत 3 की मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार मोटर ह्वेकल विभाग की कार महानगर कोलकाता की ओर जा रही थी। तभी नाका चेकिंग में एक वालेंटियर कार की चेकिंग कर रहा था। तभी पीछे से आयी बेपरवाह ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। उक्त घटना घट गयी। हादसे में घातक ट्रक के चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मोटर व्हीकल अधिकारी और सिविक वालिंटियर बुरी तरह से घायल हो गए।दोनों घायलों को डाबेरिया अस्पताल ले जाया गया। हालत बिगडऩे पर एक को नर्सिंग होम और दूसरे को हावड़ा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया लेकिन दोनों में से किसी को भी बचाया नहीं जा सका। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### यूपी : 11 साल की रेप पीड़िता ने बच्चे को दिया जन्म

**उन्नाव (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव के जिला अस्पताल में 11 वर्षीय रेप पीड़िता ने एक बच्चे को जन्म दिया है। डॉक्टरों ने कहा कि अस्पताल के एनआईसीयू में नवजात के स्वास्थ्य की निगरानी की जा रही है। शुरू में, सीएचसी (मौरवां) में पुलिस और मेडिकल स्टाफ को विश्वास नहीं हुआ कि लडक़ी गर्भवती हो सकती है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि दुष्कर्म पीड़िता को प्रसव पीड़ा के बाद जिला अस्पताल लाया गया। उसकी नॉर्मल डिलीवरी हुई और बच्चे का वजन 2.60 किलोग्राम है। मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। परिवार के नियमित संपर्क में रहने वाली सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन प्रीति सिंह ने कहा कि शुरू में बच्चे को सांस लेने में दिक्कत थी। उन्होंने कहा, बच्चे को अस्पताल के एनआईसीयू में स्थानांतरित कर दिया गया है, जहां उसकी स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

## हिजाब विवाद पर सुप्रीमकोर्ट में सुनवाई पूरी, 10 दिन चली बहस के बाद कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कर्नाटक के हिजाब मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आज गुरुवार को लंबी सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। देश की सबसे बड़ी अदालत में यह सुनवाई 10 दिनों तक चली। कोर्ट अब अपने फैसले में तय करेगा कि कर्नाटक हाई कोर्ट की ओर से हिजाब की पाबंदी को लेकर दिया गया फैसला सही है या फिर नहीं। सुनवाई के दौरान कल कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से अपनी दलीलें जल्द से जल्द खत्म करने को कहा था।



सुप्रीम कोर्ट में 10 दिन चली सुनवाई के बाद जस्टिस हेमंत गुप्ता और जस्टिस सुधांशु धूलिया की पीठ ने हिजाब विवाद पर सुनवाई पूरी करने का ऐलान करने के साथ ही फैसला सुरक्षित रख लिया। साथ ही पीठ ने यह भी कहा कि अब भी जिनको लिखित दलीलें देनी हो दे सकते हैं। बहस का अंत संजय हेगड़े ने एक शे'र के साथ किया। उन्होंने कहा, 'उन्हें है शौक तुम्हें बेपर्दा देखने का, तुम्हें शर्म आती हो तो अपनी आंखों पर हथेलियां रख लो।'

इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने हिजाब प्रतिबंध विवाद में कल बुधवार को याचिकाकर्ताओं से कल एक घंटे के भीतर अपनी दलीलें खत्म करने की सलाह देते हुए कहा कि वह अपना धैर्य खो रहा है। नौवें दिन मामले की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि वह याचिकाकर्ताओं के वकीलों को गुरुवार को अपनी दलीलें समाप्त करने के लिए सिर्फ एक घंटे का समय देगी।

## भारी बरसात का कहर, घर और दीवार ढहने से चार सगे भाई-बहनों समेत 6 की मौत



**इटावा (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में पिछले 24 घंटे से हो रही भारी बारिश के बीच बीती देर रात घर और दीवार ढहने की दो घटनाओं में 04 सगे भाई बहनों एवं एक दंपति की दर्दनाक मौत हो गई।

इटावा के जिलाधिकारी अवनीश राय ने गुरुवार को सुबह इन दो घटनाओं में 06 लोगों के मरने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि इटावा के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंद्रपुरा गांव में बीती रात करीब 01 बजे के एक कच्चे मकान की दीवार ढहने से घर का एक हिस्सा गिर गया। इसमें एक ही परिवार के 06 लोग मलबे में दब गये।

जब तक गांव वाले उन्हें निकालने की कोशिश करते तब तक 4 मासूम सगे भाई-बहनों की दर्दनाक मौत हो गयी। बच्चों की दादी और एक अन्य मासूम गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को उपचार के लिए जिला मुख्यालय के डा भीमराव अंबेडकर राजकीय संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती करा दिया गया है। डॉक्टरों की टीम दोनों घायलों के उपचार में जुटी हुई है।

मृतकों में शिंकू (10 साल),अभि (8 साल), सोनू (7 साल) और आरती (5 साल) शामिल है। इस हादसे में मृतक बच्चों की 75 साल की श्रीमती शारदा देवी और 4 साल का ऋषभ गंभीर रूप से घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक चारों भाई बहनों के माता-पिता की 2- 3 साल पहले क्षय रोग से मौत हो चुकी है। बच्चों के पिता अवनीश और मां पूजा की मौत के बाद पूरा घर बार बेसहारा हो गया था।

दूसरी घटना इटावा के इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत कृपालपुरा गांव के पास हुयी, जहां भाटिया पेट्रोल पंप की दीवार ढहने से एक दंपत्ति की दर्दनाक मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रामसनेही (65 साल) और उनकी पत्नी रेशमा (63 साल), भाटिया पेट्रोल पंप की दीवाल के किनारे सो रहे थे। तभी देर रात दीवार गिरने के बाद दोनों मलबे में दब गये। जब तक उनको निकाला जाता तब तक दोनों की मौत हो गयी।

दोनों को स्थानीय थाना पुलिस मुख्यालय के डा भीमराव अंबेडकर राजकीय संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया। जहां तैनात डॉ सौरभ गुप्ता ने दंपत्ति को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## दुनिया से विदा राजू पंचतत्व में विलीन, भाई और बेटे ने दी मुखाग्नि

- मधुर भंडारकर, समेत कई नामी हस्तियां श्रद्धांजलि देने पहुंची

**कानपुर/ नई दिल्ली (आरएनएस)।** कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव पंचतत्व में विलीन हो गए हैं। गुरुवार को दिल्ली के निगमबोध शमशान पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके भाई और बेटे ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान उनके पारिवारिक सदस्य,सुनील पाल,एहसान कुरैशी, फिल्म निर्माता मधुर भंडारकर,समेत कई नामी लोग मौजूद रहे।

गुरुवार सुबह 9.30 बजे दिल्ली के दशरथपुर, द्वारिका से उनकी शवयात्रा शुरू हुई थी,ये राजू के भाई का घर है। इसमें बड़ी संख्या में राजू के फैंस समेत कानपुर के मशहूर स्टेज आर्टिस्ट मुश्ताक भी शामिल हुए।

बीते डेढ़ महीने से ज्यादा समय तक वेंटिलेटर पर रहने के बाद आखिरकार 21 सितंबर को 58 साल की उम्र में राजू का निधन हो गया। उनको 10 अगस्त को एक्सरसाइज करते हुए हार्ट अटैक आया था,जिसके बाद से ही वो दिल्ली एम्स में 42 दिनों से एडमिट थे। इलाज के दौरान उनकी हालत स्थिर हुई। बुधवार अचानक उनकी हालत फिर बिगड़ गई थी। अंतिम यात्रा के लिए परिजनों के अलावा,कई रिश्तेदार,नेता और सेलिब्रिटीज भी राजू के घर पहुंचे।



**सेंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने पुरी बीच पर दी राजू को श्रद्धांजलि-** उड़ीसा के फेमस सेंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने भी राजू को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने पुरी बीच पर आज राजू श्रीवास्तव के चित्र वाली कलाकृति बनाई। अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है - हंसाते-हंसाते रुला दिया। आप लाखों फैंस के दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगे। आरआईपी राजू श्रीवास्तव।

राजू के निधन के बाद उनकी पत्नी शिखा श्रीवास्तव का बयान सामने आया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि राजू ने बहुत हिम्मत से लड़ाई लड़ी। मुझे उम्मीद थी कि वो ठीक हो जाएंगे, मैं उनके जल्दी स्वस्थ होने की दुआ कर रही थी। मगर ऐसा नहीं हुआ। मैं यह कहना चाहूंगी कि वो एक असली फाइटर थे, जो आखिरी समय तक लड़े।

**प्रधानमंत्री मोदी ने दी श्रद्धांजलि-** पीएम नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह,गृह मंत्री अमित शाह,भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत फिल्म इंडस्ट्री की कई बड़ी नामी हस्तियां जैसे अक्षय कुमार,अजय देवगन आदि ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर राजू श्रीवास्तव के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

## लश्कर-ए-तैयबा का हाईब्रिड आतंकवादी सहित दो गिरफ्तार

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू कश्मीर के उपजिला सोपोर में सुरक्षा बलों ने बुधवार को लश्कर ए तैयबा के हाईबिड आतंकवादी और एक ओवरग्राउंड कार्यकर्ता (ओजीडब्ल्यू) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने कहा कि इन दोनों को तलाशी अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया था। सोपोर पुलिस ने सेना की 22 राष्ट्रीय राइफल्स, 179 बटालियन सीआरपीएफ और मार्कोस के साथ बोटिंगू गांव में लश्कर के आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विश्वसनीय जानकारी के आधार पर सोपोर में तलाशी अभियान शुरू किया था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि तलाशी के दौरान दो व्यक्ति संदिग्ध स्थिति में घूमते पाए गए। पूछताछ में इन्होंने अपना नाम इम्तियाज अहमद गनई और वसीम अहमद लोन और बोटिंगू निवासी बताया। तलाशी लेने पर इम्तियाज गनई के कब्जे से एक पिस्तौल, एक मैगजीन, आठ पिस्टल राउंड और वसीम लोन के कब्जे से एक चीनी हथगोला बरामद किया गया। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान दोनों ने खुलासा किया कि वे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर के लिए हाइब्रिड आतंकवादी और ओजीडब्ल्यू के रूप में काम कर रहे थे और सोपोर क्षेत्र और उसके आसपास सुरक्षा बलों और नागरिकों पर हमला करने की योजना बना रहे थे।

पुलिस स्टेशन सोपोर में इस बारे में मामला दर्ज किया गया है।

## स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में उत्कृष्ट कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ को चार राष्ट्रीय पुरस्कार

- स्वच्छता सर्वेक्षण-ग्रामीण में ईस्ट जोन में छत्तीसगढ़ पहले स्थान पर
- दुर्ग जिला को दूसरा और बालोद को तीसरा स्थान
- ओडीएफ प्लस पर दीवार लेखन में सेंट्रल जोन में राज्य को तीसरा पुरस्कार
- राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 2 अक्टूबर को नई दिल्ली में देंगी पुरस्कार



**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश के स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) ने अपने उत्कृष्ट कार्यों से एक बार फिर पूरे देश में अपना डंका बजाया है। केन्द्रीय पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय के स्वच्छ सर्वेक्षण-ग्रामीण में ईस्ट जोन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों में छत्तीसगढ़ को पहला स्थान मिला है। वहीं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों में ईस्ट जोन में दुर्ग दूसरे और बालोद तीसरे स्थान पर है। ओडीएफ प्लस पर दीवार लेखन प्रतियोगिता में सेंट्रल जोन में छत्तीसगढ़ को तीसरा स्थान मिला है। प्रदेश को इन उपलब्धियों के लिए राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु स्वच्छ भारत दिवस पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 2 अक्टूबर को आयोजित समारोह में पुरस्कृत करेंगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इन पुरस्कारों के लिए स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की राज्य टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ स्वच्छ भारत मिशन में हर साल अच्छा काम कर रहा है। इन अच्छे कामों की बदौलत प्रदेश को प्रतिवर्ष शीर्ष पुरस्कार प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि राज्य की स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) टीम अपने अच्छे कार्यों को आगे भी जारी रखेगी और छत्तीसगढ़ देश के सबसे साफ-सुथरे राज्यों में शुमार रहेगा।

## भारत की सबसे युवा महिला नेहा नारखेड़े महज 37 साल की उम्र में बनी 4700 करोड़ की मालिक

**मुंबई (आरएनएस)।** नेहा नारखेड़े ने महज 37 साल की उम्र में करोड़पति बनने का मुकाम हासिल कर लिया है। उन्होंने आईआईएफएल वेल्थ हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2022 में जगह बनाई है। अमीरों की इस लिस्ट में वह सबसे युवा सेल्फ मेड वुमन आंत्रप्रेन्योर हैं। नेहा की शुरुआती पढ़ाई पुणे में ही हुई। हालांकि बाद में वह कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई करने के लिए अमेरिका चली गई थीं।



नेहा ने जॉर्जिया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी से कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई की। वह 'कंफ्लुएंट' की सह संस्थापक हैं। इसके अलावा आपाचे काफ्का जो कि एक ओपन सोर्स मेसेजिंग सिस्टम है, को डिवेलप करने में उनकी बड़ी भूमिका रही है। इस समय वह कई तकनीकी कंपनियों में सलाहकार और निवेशक के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। हारुन इंडिया रिच लिस्ट में नेहा नारखेड़े को 336वां स्थान मिला है। उनकी अनुमानित संपत्ति 4700 करोड़ रुपये की है।

**लिंक्डइन और ओरैकल में भी कर चुकी हैं काम-** अपनी कंपनी शुरू करने से पहले नेहा लिंक्डइन और ओरैकल के लिए काम कर चुकी हैं। वह अपाचे काफ्का सॉफ्टवेयर बनाने वाली टीम का हिस्सा थीं। उन्होंने 2014 में अपनी खुद की कंपनी शुरू की। 15 साल पहले वह अमेरिका चली गई थीं और वहीं से मास्टर्स की डिग्री ली। उन्होंने अपना ग्रैजुएशन पुणे विश्वविद्यालय से ही किया था।

फोर्ब्स की अमीर सेल्फ मेड महिलाओं की लिस्ट में भी नेहा ने 57वां स्थान हासिल किया था। 2018 में फोर्ब्स ने टेक से जुड़ी महिलाओं की लिस्ट में नेहा नारखेड़े का नाम शामिल किया था। हुरुन इंडिया के मुताबिक लिस्ट में 1000 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति वाले कुल 1103 लोगों को शामिल किया गया था। पिछले साल के मुकाबले इस बार इस लिस्ट में 96 लोग बढ़ गए हैं।